प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

दिनांक : 26.04.2045 समय : 07.10AM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को करेंगे नियुक्ति पत्रों का वितरण, भोपाल में भी होगा आयोजन।
- सरकार ने श्रीनगर से यात्रियों की वापसी के लिए नि:शुल्क उड़ानों की व्यवस्था की।
- बालाघाट में सुरक्षा बलों ने 62 लाख रुपए के इनाम वाली 4 महिला नक्सलियों को किया ढेर।
- रीवा और रतलाम में न्यायिक विज्ञान प्रयोगशालाओं का हुआ शुभारंभ।

पीएम - रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनो के लिये नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप 15वां रोजगार मेला देश के 47 स्थानों पर आयोजित हो रहा है। भोपाल के न्यू मार्केट स्थित समन्वय भवन में भी आज रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान करीब 300 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 121वां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

नागरिक उड्डयन - सुरक्षित वापसी

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आज सूचित किया कि श्रीनगर से दो विशेष उडानों से 183 यात्री कल सुरक्षित अपने घर वापस पहुंच गये। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यात्रियों के लिए नि:शुल्क उडानों की व्यवस्था की गई। मंत्रालय ने बताया कि तीसरी उडान से 232 से अधिक यात्री वापस आ रहे हैं। अब तक लगभग 500 लोग अपने घर सुरक्षित पहुंच चुके हैं।

एमपी टेक ग्रोथ कान्क्लेव 2025

इंदौर में कल एमपी टेक ग्रोथ कान्क्लेव 2025 का आयोजन होगा । कान्क्लेव में देश के आईटी उद्यमों, स्टार्टअप्स, यूनिकॉर्न कंपनियों और इनोवेशन हब्स के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन स्थल पर अत्याधुनिक तकनीकी प्रदर्शनियों, पैनल चर्चाओं और स्टार्टअप पिचिंग सेशन्स का आयोजन भी किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंदौर सहित प्रदेश के ग्वालियर, जबलपुर और भोपाल के टेक्नोलॉजी विशेषज्ञों, स्टार्टअप प्रतिनिधियों और निवेशकों से संवाद किया। उन्होंने प्रदेश में तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

पहलगाम सिंधिया

पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि जिन लोगों ने भारत की आत्मा पर यह आक्रमण करने की कोशिश की है। ग्वालियर में मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि भारत इसका जवाब पूर्ण रूप से देगा. श्री सिंधिया ने कहा कि भारत एकमत के साथ इसके खिलाफ एक आवाज़ में खड़ा हुआ है।

बालाघाट नक्सली

बालाघाट जिले में कान्हा नेशनल पार्क के सुपखार वन रेंज में सुरक्षा बलों ने 4 महिला नक्सलियों को ढेर करने में सफलता हासिल की है. इनपर 62 लाख रुपए का इनाम घोषित था

पुलिस अधीक्षक नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हमारा अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया यदि कोई नक्सली सरेंडर करना चाहता है तो वो सरकार का साथ दे।

धार सरदार पटेल

धार में मां नर्मदा विचार कुंभ के तहत कुक्षी के शासकीय सरदार पटेल महाविद्यालय में कल सरदार पटेल की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। अनावरण गंगा विचार मंच नमामि गंगे के राष्ट्रीय संयोजक व राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के भरत पाठक और पर्यावरण विद

सचिन दवे ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को नर्मदा प्रदूषण मुक्ति को लेकर संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर श्री पाठक ने आकाशवाणी को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई ने हमें जल शक्ति के माध्यम से सभी नदियों को निर्मल, अविरल बहाने के लिए संपूर्ण देश में अभियान चलाया हुआ है।

न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा और रतलाम में न्यायिक विज्ञान प्रयोगशालाओं का कल वर्चुअल शुभारंभ किया। कुल 13 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनी इन प्रयोगशालाओं से रीवा, सतना, सिंगरौली, मैहर तथा रतलाम नीमच और मंदसौर क्षेत्रों में घटना स्थल पर ही टॉक्सिकोलॉजी, रसायन और जीव विज्ञान से संबंधित प्रकरणों का परिक्षण किया जा सकेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पुलिस, फॉरेंसिक साइंस और न्यायपालिका जस्टिस डिलेवरी सिस्टम के अभिन्न अंग हैं। यह तीनों अंग जितने ज्यादा सशक्त होंगे, उतना ही वहां के नागरिक सुरक्षित होंगे और आपराधिक गतिविधियां नियंत्रण में रहेंगी ।

अमित शाह - सिंधु नदी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के साथ 1960 के सिंधु जल समझौते पर उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक कल गृहमंत्री के नई दिल्ली स्थित आवास में हुई। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल समझौते पर रोक लगा दी है। विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी. आर.पाटिल और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। बैठक के बाद जल शक्ति मंत्री ने कहा कि सिंधु जल संधि पर सरकार का ऐतिहासिक निर्णय पूरी तरह से न्यायसंगत और राष्ट्रहित में है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सिंधु नदी जल का एक बूंद भी पाकिस्तान तक न पहुंचे।

समाचार संक्षेप में

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल इंदौर में दिव्यांगजनों के उपकरणों का वितरण ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में करेंगे।
- मंडला में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सभी जिलाधिकारियों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समाधान जल गंगा संवर्धन, नरवाई प्रबंधन सहित अन्य विषयों की समीक्षा की।
- छतरपुर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह व निकाह योजना के अंतर्गत नगर पालिका द्वारा 539 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।
- पन्ना में कलेक्टर सुरेश कुमार ने श्री जुगल किशोर मंदिर में दर्शन व्यवस्था को सुलभ बनाने के उद्देश्य से मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की।

- उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में कल मुख्य प्रवेश द्वार से संत सेन के अनुयायियों ने प्रवेश कर टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में स्थित संत समाज की स्थली पहुंचकर पूजा अर्चना की।
- रायसेन जिले में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 1 मई से 31 मई तक विभिन्न खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में कल पुलिस कंट्रोल रूम में बैठक आयोजित की गई।
- शाजापुर के आदर्श भिलाला समाज के तत्वावधान में कुम्हारिया खास के मनकामनेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन में 151 जोड़ों का विववाह सम्पन्न हुआ।
- हरदा जिले में नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त के.जी. तिवारी ने जनपद पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया।
- डिंडोरी के ग्राम ददरगांव में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह रोको टोको अभियान के अंतर्गत एक और बाल विवाह को रोका गया है।
- आगरमालवा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में स्थापित सोशल हेल्थ क्लब द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत कल जेंडर चैंपियंस सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।
- सतना कलेक्टर ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज राजस्व प्रकरणों की समीक्षा में कहा कि 5 वर्ष से अधिक समय का कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए।
- झाबुआ में गेल (इंडिया) लिमिटेड ने जिला प्रशासन और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन दुर्घटना की स्थिति में अपनी आपातकालीन तैयारियों की समीक्षा करने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की।

-------

एमपी टेक ग्रोथ कान्क्लेव 2025

इंदौर में कल एमपी टेक ग्रोथ कान्क्लेव 2025 का आयोजन होगा । कान्क्लेव में देश के आईटी उद्यमों, स्टार्टअप्स, यूनिकॉर्न कंपनियों और इनोवेशन हब्स के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन स्थल पर अत्याधुनिक तकनीकी प्रदर्शनियों, पैनल चर्चाओं और स्टार्टअप पिचिंग सेशन्स का आयोजन भी किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंदौर सहित प्रदेश के ग्वालियर, जबलपुर और भोपाल के टेक्नोलॉजी विशेषज्ञों, स्टार्टअप प्रतिनिधियों और निवेशकों से संवाद किया। उन्होंने प्रदेश में तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

पहलगाम सिंधिया

पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि जिन लोगों ने भारत की आत्मा पर यह आक्रमण करने की कोशिश की है।

ग्वालियर में मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि भारत इसका जवाब पूर्ण रूप से देगा. श्री सिंधिया ने कहा कि भारत एकमत के साथ इसके खिलाफ एक आवाज़ में खड़ा हुआ है।

बालाघाट नक्सली

बालाघाट जिले में कान्हा नेशनल पार्क के सुपखार वन रेंज में सुरक्षा बलों ने 4 महिला नक्सलियों को ढेर करने में सफलता हासिल की है. इनपर 62 लाख रुपए का इनाम घोषित था

पुलिस अधीक्षक नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हमारा अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया यदि कोई नक्सली सरेंडर करना चाहता है तो वो सरकार का साथ दे।

धार सरदार पटेल

धार में मां नर्मदा विचार कुंभ के तहत कुक्षी के शासकीय सरदार पटेल महाविद्यालय में कल सरदार पटेल की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। अनावरण गंगा विचार मंच नमामि गंगे के राष्ट्रीय संयोजक व राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के भरत पाठक और पर्यावरण विद सचिन दवे ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को नर्मदा प्रदूषण मुक्ति को लेकर संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर श्री पाठक ने आकाशवाणी को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई ने हमें जल शक्ति के माध्यम से सभी नदियों को निर्मल, अविरल बहाने के लिए संपूर्ण देश में अभियान चलाया हुआ है।

न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा और रतलाम में न्यायिक विज्ञान प्रयोगशालाओं का कल वर्चुअल शुभारंभ किया। कुल 13 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनी इन प्रयोगशालाओं से रीवा, सतना, सिंगरौली, मैहर तथा रतलाम नीमच और मंदसौर क्षेत्रों में घटना स्थल पर ही टॉक्सिकोलॉजी, रसायन और जीव विज्ञान से संबंधित प्रकरणों का परिक्षण किया जा सकेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पुलिस, फॉरेंसिक साइंस और न्यायपालिका जस्टिस डिलेवरी सिस्टम के अभिन्न अंग हैं। यह तीनों अंग जितने ज्यादा सशक्त होंगे, उतना ही वहां के नागरिक सुरक्षित होंगे और आपराधिक गतिविधियां नियंत्रण में रहेंगी ।

..................